PUBLICATION : NAYA INDIA(NI)

EDITION : NEW DELHI

DATE : 8TH JULY 2017, PAGE NO. : 11

इफको ने 2530 करोड़ जुटाए

इफको ने बीमा कारोबार में अपनी हिस्सेदारी बेचकर 2,530 करोड़ रुपए जुटाए हैं।

नई दिल्ली ■ वार्ता/डेस्क

किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कम से कम प्रीमियम में बीमा उपलब्ध कराने में जुटी विश्व की सबसे बड़ी सहकारी संस्था इफको ने बीमा कारोबार में अपनी हिस्सेदारी बेचकर 2,530 करोड़ रुपए जुटाए हैं।

इफको ने अपने बीमा उद्यम इफको-टोकियो जनरल इश्योरेंस की 21.64 प्रतिशत हिस्सेदारी जापान के संयुक्त उद्यम भागीदार टोकियो मरीन (टीएम) एशिया लिमिटेड को बेचने का फैसला किया है। साथ ही इंडियन पोटाश लिमिटेड भी अपनी 1.36 प्रतिशत हिस्सेदारी जापानी कंपनी को बेचेगा। इस तरह 2530 करोड़ रुपए मूल्य की अतिरिक्त 23 प्रतिशत हिस्सेदारी के पश्चात इफको-टोकियो में जापान की अग्रणी बीमा कंपनी टीएम की हिस्सेदारी 26 से बढ़कर 49 प्रतिशत हो गई है।

मौजूदा सरकार ने देश बीमा कंपनियों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अधिकतम सीमा 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत कर दी थी

जिसके बाद इफको ने अपनी हिस्सेदारी घटाई है। इफको के प्रबंध निदेशक यू.एस. अवस्थी ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस आंशिक हिस्सेदारी की बिक्री से इफको को इफको टोकियो में अपने निवेश के वेल्यूएशन का अच्छा अवसर मिला है। इस बिक्री से इफको को अपने कृषि कारोबार को फैलाने तथा कृषि क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों के बीच किसानो के हितों की रक्षा करने हेतु अपेक्षित पूंजी जुटाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि इस विनिवेश के बाद भी इफको-टोकियो की कारोबारी गतिविधियों पर इफको का नियंत्रण बना रहेगा। देश में सबसे अधिक उर्वरक का उत्पादन और विपणन करने वाली इफको ने वर्ष 2000 में बीमा क्षेत्र में प्रवेश किया था।

यह कृषि क्षेत्र के अलावा जीवन बीमा, वाहन और स्वास्थ्य बीमा भी उपलब्ध कराती है। पिछले वर्ष इसने 420 करोड़ रुपए का लाभ कमाया था। अवस्थी ने कहा इस बीमा कंपनी का मुख्य उद्देश्य गांव-गांव और घर-घर तक किसानों को बीमा सुविधा का लाभ पहुंचाना है। देश भर में फैले इफको के मजबूत नेटवर्क और ब्रांड पहचान से इसे फायदा हुआ और आज यह ग्रामीण क्षेत्र की नंबर एक बीमा कंपनी है। उन्होंने कहा कि कंपनी आगे भी इस दर्जे को बनाए रखेगी और किसानों को कम से कम प्रीमियम पर बेहतर बीमा योजना उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के साथ-साथ हम देश के हर उस क्षेत्र में पहुंचना चाहते हैं जहां आज तक कोई और नहीं पहुंचा है तथा कोई और पहुंचना भी नहीं चाहता है। टोकियो मरीन एशिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने इफको के साथ सहयोग और बढ़ने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इफको टोकियो की कोशिश होगी कि भारतीय किसानों को कम लागत पर बेहतर बीमा उत्पाद मिले।